प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 01.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड समेत देश के दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना, 8 जून तक चलेगी नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया; 18 जून को होगा मतदान।**

2. **केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज करेंगे देशव्यापी खेत बचाओ अभियान का आगाज, झारखंड समेत देशभर के किसानों तक पहुंचाया जाएगा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ।**

3. **राज्य में अवैध खनन और नशीले पदार्थों के कारोबार पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जताई चिंता, राजस्व और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार।**

4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों के लिए 6 जून तक के लिए जारी किया अलर्ट, 3 और 4 जून को पचास किलोमीटर की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं।**

5. **जामताड़ा में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय बालिका खो–खो प्रतियोगिता का हुआ समापन, फाइनल में रामगढ़ की टीम को हराकर रांची ने विजेता ट्रॉफी पर जमाया कब्जा।**

****

झारखंड समेत दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चुनाव के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार–चार सीटें, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तीन–तीन सीटें, झारखंड में दो सीटें और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में एक–एक सीट पर मतदान होगा।

नामांकन आज से 8 जून तक दाखिल किए जा सकते हैं। इस महीने की 18 तारीख को मतदान होगा। वोटों की गिनती भी उसी दिन होगी।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। एक रिपोर्ट

****

हजारीबाग जिले में अवैध खनन, लॉटरी और नशीले पदार्थों के बढ़ते कारोबार पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और स्थानीय सांसदों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे राजस्व और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है।

****

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ आज ओरमांझी क्षेत्र को बड़ी सौगात देंगे। वे एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण एफएक्यू जारी किए हैं। इसके तहत मतदाताओं और अधिकारियों के लिए तीस जरूरी सवालों के जवाब दिए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है।

****

रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कल एक जागरूकता रैली निकाली। इसमें छात्रों और शिक्षकों ने लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्रों ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी की।

****

बोकारो के फुसरो में एक गर्भवती महिला की हत्या पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार को घेरा है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने रांची में संवाददाताओं से बातचीत में आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अभिषेक बनर्जी को बेहतर इलाज के लिए झारखंड भेजने का आग्रह भी किया है।

****

प्रसिद्ध पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर का कल मुंबई में निधन हो गया। वह नवासी वर्ष की थीं। पचास से सत्तर के दशक में हिंदी और मराठी सिनेमा को कई कालजयी गीत देने वाली सुमन जी ने मोहम्मद रफी सहित कई दिग्गजों के साथ सैकड़ों गाने गाए। उनके निधन पर देश की कई हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में छह जून तक गरज–चमक और तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। तीन और चार जून को आकाशीय बिजली गिरने तथा पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों ने आम नागरिकों और किसानों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

****

जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बीसवीं राज्य स्तरीय बालिका खो–खो प्रतियोगिता संपन्न हो गई है। फाइनल मुकाबले में रांची की टीम ने रामगढ़ को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि साइबर डीएसपी अमित रविदास ने विजेता और उपविजेता टीमों को कप प्रदान कर सम्मानित किया। जामताड़ा जिला खो खो संघ के पदाधिकारी ने राज्य स्तरीय इस खेल प्रतियोगिता के संपन्न होने पर जामताड़ा जिला प्रशासन खेल निदेशालय एवं खेल प्रेमियों को धन्यवाद दिया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने आईपीएल 19 में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के लगातार दूसरी बार चौंपियन बनाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– आरसीबी फिर चौंपियनः तब 18 साल लगे...अब 12 महीने।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– आम आदमी बनकर रांची की सड़कों पर उतरे मुख्यमंत्री।

प्रभात खबर की सुर्खी है– एसआईआर में जन्मतिथि और निवास से जुड़े दस्तावेज मांग सकता है आयोग।

दैनिक जागरण के अनुसार– आज रिम्स के नर्स व कर्मी करेंगे कार्य बहिष्कार।

**********समाप्त*************